आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांक: 16.01.2026 समय : 18.30 पीएम

मुख्य समाचार

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–देश के स्टार्टअप्स आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।**
- **केन्द्र सरकार नकली बीजों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए बीज अधिनियम लाएगी।**
- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज जयपुर के हरमाड़ा में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में शिरकत की।**
- **उच्चतम न्यायालय ने आरपीएससी के पक्ष में फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया कि केवल रिजर्व लिस्ट में नाम होने से उम्मीदवार को नियुक्ति का अधिकार नहीं मिल सकता।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि स्टार्टअप इंडिया केवल दस वर्षों में ही क्रांति बन गया है। राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप तंत्र है। उन्होंने कहा कि भारत के युवा वास्तविक समस्याएं हल करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

श्री मोदी ने नए सपने देखने वाले युवा नवोन्मेषकों के साहस की सराहना की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर स्टार्टअप्स संस्थापकों और नवोन्मेषकों का इकट्ठा होना, तेजी से विकास कर रहे नए भारत के भविष्य को दिखाता है। श्री मोदी ने इस अवसर पर प्रदर्शनी का अवलोकन किया और प्रदर्शकों से बातचीत की। गौरतलब है कि स्टार्टअप इंडिया की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक दशक पहले 16 जनवरी, 2016 में की थी। इसका शुभारंभ नवाचार, उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए परिवर्तनकारी राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में हुआ था। प्रदेश में भी इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पाली के राजकीय बांगड महाविद्यालय परिसर के स्टार्टअप सेंटर में विद्यार्थियों और उद्यमियों के लिए सेमिनार और प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

**00000**

**केन्द्र** सरकार आगामी बजट सत्र में बीज अधिनियम 2026 पेश करेगी। **कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने** आज नई दिल्ली में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए बताया कि कानून का उद्देश्य खराब गुणवत्ता वाले, नकली और अनधिकृत बीजों की बिक्री पर अंकुश लगाना है। उन्होंने कहा कि नया कानून जानकारी की सुविधा भी प्रदान करेगा।

0000

**विकसित भारत**–जीरामजी कानून पर आज जयपुर में प्रदेश भाजपा मुख्यालय में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में राज्य के हर गांव और ढाणी तक सुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पंहुचाने पर चर्चा की गई। इसके साथ ही वी बी जीरामजी को लेकर फैलाये जा रहे भ्रम और शंकाओं को दूर करने के लिए विमर्श किया गया। इस अवसर पर बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह ने कहा कि वीबीजी रामजी कानून में मनरेगा की विभिन्न खामियों को दूर करते हुए और बेहतर बनाया गया है। विपक्ष इस नये कानून को लेकर भ्रम फैलाने का काम कर रही है।

कार्यशाला में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह ने भाग लिया। इसके अलावा बडी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

0000

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि राजस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुख टेक्सटाइल निर्माण और निर्यात केंद्र बनाया जायेगा। इसके लिए केन्द्र और राज्य सरकार मिलकर काम कर रहे है। मुख्य सचिव आज **जयपुर** में 'टेक्सटाइल क्षेत्र के बारे में **हुई बैठक** की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में निवेश के लिए राजस्थान टेक्सटाइल एण्ड अपैरल पॉलिसी–2025 लागू की गई है। इस पॉलिसी में निर्यातकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश में पहली बार गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को भी शामिल किया गया है। प्राकृतिक और कृत्रिम फाइबर उत्पादन को बढ़ाने से लेकर टेक्सटाइल्स तकनीक और वस्त्र विनिर्माण, हैंडलूम, ऊन प्रसंस्करण, चमड़े के उत्पाद और फुटवियर सहित अन्य संबंधित क्षेत्र भी इस नीति का हिस्सा हैं। राजस्थान वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट पॉलिसी के तहत भीलवाड़ा, बालोतरा, कोटा, पाली, बाड़मेर जिलों के उत्पादों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज जयपुर के हरमाड़ा में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने यहाँ जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य के सानिध्य में **हुए** अनुष्ठान में पूर्ण विधि–विधान से आहुति दी। इस अवसर पर राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी उपस्थित रहे। **कार्यकम के बाद राष्ट्रपति दिल्ली लौट गई।**

0000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि नारी शक्ति की प्रगति ही विकसित राजस्थान के निर्माण का मजबूत आधार है। उन्होंने आज जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में राजीविका से जुडी महिलाओं के साथ बजट पूर्व संवाद किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन और सम्पूर्ण विकास के लिए पूरी तरह संकल्पित है। श्री शर्मा ने कहा कि उनसे मिले सुझाव आगामी बजट को समावेशी और महिला केन्द्रित बनाने में मील का पत्थर साबित होंगे।

00000

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय आधार वर्ष में संशोधन करने जा रहा है। आकाशवाणी समाचार के साथ विशेष साक्षात्कार में मंत्रालय के सचिव सौरभ गर्ग ने बताया कि अर्थव्यवस्था की समग्र स्थिति को जानने के लिए आधार वर्ष की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था ने प्रमुख संरचनात्मक बदलाव देखे हैं। उन्होंने कहा कि जीएसटी और व्यापक रूप से **डिजिटाइजेशन** ऐसे कुछ कारक हैं जिनकी वजह से देश में आधार वर्ष को **अपडेट करना** जरूरी हो गया है। आधार वर्ष **अब** 2011–12 से संशोधित होकर 2022–23 होगा।

**00000**

उच्चतम न्यायालय ने राजस्थान लोक सेवा आयोग के पक्ष में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि केवल रिजर्व लिस्ट में नाम होने से उम्मीदवार को नियुक्ति का अधिकार नहीं मिल जाता। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने राजस्थान हाईकोर्ट के पिछले आदेशों को रद्द कर दिया है। अदालत ने व्यवस्था दी है कि भर्ती नियमों के अनुसार आरक्षित सूची केवल छह माह तक ही वैध रहती है। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी माना कि चयन प्रक्रिया को अनिश्चित काल तक खुला रखना नए अभ्यर्थियों के अवसरों का हनन होगा। आयोग ने कनिष्ठ विधि अधिकारी और सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती मामले में हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी।

00000

जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल 2026 के दूसरे दिन भी साहित्य की गंगा बही। हवामहल की नगरी जयपुर में आयोजित इस साहित्यिक उत्सव में भारत और दुनिया भर के लेखकों, विचारकों, कलाकारों और साहित्य प्रेमियों का उत्साह देखते ही बन रहा है। **और ब्योरे के साथ हमारी सहयोगी माधुरी**

0000

सवाईमाधोपुर शहर अपना 263वां स्थापना दिवस कल मनायेगा। इसके लिए तीन दिन तक विभिन्न आयोजन रखे गये है। समारोह की शुरूआत रणथंभौर दुर्ग स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर में भव्य महाआरती के साथ होगी। **समारोह के तहत बाघ और अमरूद महोत्सव के अलावा विभिन्न प्रतियोगिताएं होगी। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा भव्य आतिशबाजी का भी आयोजन होगा।**

0000

प्रदेश में पिछले 24 घंटे में तापमान में मामूली बढ़ोतरी से लोगों को सर्दी से **थोडी** राहत मिली है। आज कई जगह तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। कई स्थानों पर दिन का तापमान 25 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया **वहीं 4 स्थानों पर** रात का तापमान 5 से 9 डिग्री के बीच मापा गया। कुछ जगह शीतलहर के हालात रहे। वहीं उत्तरी भागों में कोहरा छाया रहा। इस बीच मौसम विभाग ने कल से कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के उत्तरी पश्चिमी भागों में कहीं–कहीं आंशिक बादल छाये रहने की संभावना **जताई** है। इससे अगले 48 घंटों में रात के तापमान के 2 से 3 डिग्री की बढोतरी होगी और शीतलहर से राहत मिलने के आसार हैं।

0000

श्रीगंगानगर जिले में भारत–पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र **में रात का कर्फ्यू लागू किया गया है। जिला कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के** तहत सीमा से सटे तीन किलोमीटर के क्षेत्र में शाम 7 बजे से सुबह 6 बजे तक आवागमन पर पूरी तरह रोक रहेगी।

आवश्यक सिंचाई कार्य के लिए किसानों को सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों से पूर्व अनुमति लेनी होगी। साथ ही, इस दौरान तेज रोशनी, पटाखों, बैंड और डीजे के उपयोग पर भी प्रतिबंध लगाया गया है।

0000

सलूंबर जिले की संस्कृति और विरासत को सहेजने के लिए कल 'पंच गौरव महोत्सव' आयोजित किया जायेगा। दो दिन के उत्सव में जनजातीय कला, हस्तशिल्प प्रदर्शनी और जयसमंद झील पर नौका दौड़ जैसे कार्यक्रम होंगे। अतिरिक्त जिला कलेक्टर दिनेश राय ने बताया कि महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखे गये है।

00000

राजस्व राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी ने आज डीडवाना–कुचामन के चितावा में घुमन्तू परिवारों के बच्चों को स्कूल यूनिफॉर्म और स्टेशनरी किट बांटे। इसके अलावा 18 विद्यार्थियों को आधार कार्ड भी दिये गये। इस अवसर पर श्री चौधरी ने जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार घुमंतू परिवारों के उत्थान के लिए लगातार काम कर रही है।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 जनवरी को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 130वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 23 जनवरी तक स्वीकार किए जाएंगे।

000000

मुख्य समाचार एक बार फिर –

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–देश के स्टार्टअप्स आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।
- केन्द्र सरकार नकली बीजों की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए बीज अधिनियम लाएगी।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज जयपुर के हरमाड़ा में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में शिरकत की।
- उच्चतम न्यायालय ने आरपीएससी के पक्ष में फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया कि केवल रिजर्व लिस्ट में नाम होने से उम्मीदवार को नियुक्ति का अधिकार नहीं मिल सकता।